DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM

# QDB – 27

## हिंदी साहित्य

समय : 3 घण्टे] [कुल अंक : 200

***निर्देश :*** *1) यह प्रश्नपत्र कुल **तीन** विभागों – **A, B** और **C** में विभाजित है । प्रत्येक विभाग में से किए जानेवाले प्रश्नों की संख्या और उसके अंक उस विभाग में अंकित किए गए हैं ।*

*2) उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक विभाग के समस्त प्रश्नों के उत्तर क्रमवार रूप में दें तथा एक विभाग में दूसरे किसी विभाग के उत्तर न दें । एक विभाग में दूसरे किसी विभाग के उत्तर दिए जाने की स्थिति में दिए गए उन उत्तरों को जाँचा नहीं जाएगा ।*

*3) अभ्यर्थियों को विभाग – **A, B** और **C** में निर्दिष्ट अपने उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में ही लिखने हैं ।*

*4) उत्तर लिखने का माध्यम **हिंदी** भाषा है ।*

### विभाग – A (अंक : 40)

***सूचना :*** *1) प्रश्न संख्या **1** से **20** ।*

*2) सभी **20** (**बीस**) प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*3) प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** (**दो**) अंक निर्धारित हैं ।*

*4) इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** से **30** शब्दों में होना चाहिए ।*

1. शौरसेनी अपभ्रंश से किन भाषाओं का विकास हुआ है ?

2. पश्चिमी हिंदी में कौन-कौन सी बोलियाँ आती हैं ?

3. पूर्वी हिंदी की बोलियों का परिचय दीजिए ।

4. बिहारी हिंदी की बोलियों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।

5. हिंदी की उपभाषाओं का परिचय दीजिए ।

6. भारतीय संविधान में राजभाषा हिंदी की व्यवस्था कितने भागों में की गई है ?

7. भारतीय संविधान की अष्टम् अनुसूची में इस समय तक कितनी भाषाएँ दर्ज हैं ? नाम लिखिए ।

**P.T.O.**

DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM

DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM



8. भारतीय संविधान के सत्रहवे भाग के अनुच्छेद 343 में क्या प्रावधान किए गए हैं ?

9. छायावाद की परिभाषा दीजिए ।

10. स्थायीभाव किसे कहते हैं ?

11. बिहारी के दोहों को 'नावक के तीर' क्यों कहा जाता है ?

12. द्विवेदीयुगीन इतिवृत्तात्मकता क्या है ?

13. हिंदी साहित्य के आदिकाल को वीरगाथाकाल नाम क्यों दिया गया ?

14. भारत सरकार द्वारा देवनागरी हिंदी वर्तनी एवं अंकों का मानकीकरण किस वर्ष किस उद्देश्य से लागू किया गया ?

15. प्रयोजनमूलक हिंदी किसे कहते हैं ?

16. पारिभाषिक शब्दावली किसे कहते हैं ?

17. तुलसीदास ने किन-किन भाषाओं में रचनाएँ की हैं ?

18. प्रबंधकाव्य किसे कहते हैं ?

19. साधारणीकरण से क्या आशय है ?

20. अनुवाद की परिभाषा दीजिए ।

**विभाग – B** **(अंक : 60)**

***सूचना :*** *1) प्रश्न संख्या **21** से **32** ।*
*2) सभी **12 (बारह)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*3) प्रत्येक प्रश्न के लिए **5 (पाँच)** अंक निर्धारित हैं ।*
*4) इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में होना चाहिए ।*

21. कार्यालयी या प्रशासनिक अनुवाद की समस्याओं पर प्रकाश डालिए ।

22. अब तक सम्पन्न विश्व हिंदी सम्मेलनों के संबंध में बताइए ।

23. कम्प्यूटर में हिंदी के प्रयोग की स्थिति से अवगत कराइए ।

DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM

DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM



24. प्रयोगवादी कविता की विशेषताएँ बताइए ।

25. कहानी और नई कहानी का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

26. 'मैला आँचल' में व्यक्त आंचलिकता पर प्रकाश डालिए ।

27. 'भारत भारती' की अंतर्वस्तु पर प्रकाश डालिए ।

28. निराला की कविता 'वह तोड़ती पत्थर' में व्यक्त प्रगतिवादी चेतना पर प्रकाश डालिए ।

29. रस निष्पत्ति के संबंध में आचार्य भरत के रससूत्र की व्याख्या प्रस्तुत कीजिए ।

30. भारतेंदु मंडल के रचनाकारों के बारे में बताइए ।

31. शब्दशक्ति किसे कहते हैं ?

32. यूनीकोड की अवधारणा और हिंदी के मंगल फोंट के बारे में समझाइए ।

## विभाग – C (अंक : 100)

***सूचना :*** *1) प्रश्न संख्या **33** से **39** ।*
*2) सात प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*3) प्रत्येक प्रश्न के लिए **20** (**बीस**) अंक निर्धारित हैं ।*
*4) इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** (**दो सौ**) शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

33. भारतीय संघ की राजभाषा नीति पर प्रकाश डालिए ।

34. विदेशों में हिंदी की स्थिति की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

35. हिंदी साहित्य सृजन परंपरा में गुजरात के योगदान पर प्रकाश डालिए ।

36. रीतिकालीन कविता की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

37. देवनागरी लिपि की विकासयात्रा पर प्रकाश डालते हुए देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता को स्पष्ट कीजिए ।

38. साहित्यक भाषा के रूप में खड़ी बोली हिंदी की विकासयात्रा पर प्रकाश डालिए ।

39. 'गोदान' की कथा-संरचना की विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए ।

DOWNLOADED FROM :WWW.IASEXAMPORTAL.COM